दिनांक-10.12.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- मानवाधिकार दिवस आज। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु नईदिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में होंगी शामिल।
- मुख्यमंत्री ने कहा-प्रदेश की दो नदी जोड़ो परियोजनाओं से प्रदेश में पेयजल और सिंचाई की सुविधा होगी बेहतर।
- कल से प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान और जन कल्याण पर्व की होगी शुरूआत।
- प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड। भोपाल सहित कई शहरों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा।

राष्ट्रपति- मानवाधिकार दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि इस वर्ष मानवाधिकार दिवस के कार्यक्रम के बाद एक दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन होगा, जिसका विषय है- मानसिक सेहत- कक्षा से कार्यस्थल तक तनाव से निपटना। यह भी कहा गया है कि मानवाधिकार आयोग के गठन के बाद से अब तक मानवाधिकार के उल्लंघन के 23 लाख से अधिक मामले दर्ज किये गये हैं और इसके पीड़ितों को लगभग 256 करोड रुपये की आर्थिक सहायता की सिफारिश की गई है।

मानवाधिकार दिवस-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस का आयोजन भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में होगा। इसमें ‘‘भारत में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी, कानूनी सुरक्षा और मानव अधिकार’ विषय पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय सशक्तिकरण सोनाली पोंक्षे वायंगणकर विशेष आमंत्रित सदस्य होंगी। कार्यक्रम में वृद्धजन कल्याण से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संचालक श्री राजेश गुप्ता द्वारा दी जायेगी। आयोग द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी होगा।

मुख्यमंत्री नदी जोड़ो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश को नदी जोड़ो अभियान अंतर्गत 2 बड़ी परियोजनाएं दी है। इसमें बुंदेलखण्ड क्षेत्र की केन-बेतवा वृहद परियोजना और पार्वती- कालीसिंध-चंबल परियोजना है। कल नई दिल्ली में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही केन-बेतवा परियोजना का भूमि-पूजन प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किया जायेगा।

बाईट-डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री

सीतारामन बीमा सखी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि सरकार की योजना अगले तीन वर्षों में बीमा सखी या बीमा एजेंटों की नियुक्ति करने की है। पानीपत में बीमा सखी योजना के शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष 25 हजार बीमा सखियों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महिला बीमा एजेंट स्वयंसेवी को पहले वर्ष में प्रतिमाह सात हजार रुपये, दूसरे वर्ष में प्रतिमाह 6 हजार रुपये और तीसरे वर्ष में प्रतिमाह पांच हजार रुपये दिये जाएंगे।

बाईट- निर्मला सीतारामन वितमंत्री

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल हरियाणा के पानीपत में एक समारोह में महत्वाकांक्षी बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया है।

मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान

प्रदेश में कल 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 26 दिसम्बर तक मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अभियान की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र

हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इसमें 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

जन कल्याण अभियान-प्रदेश

11 दिसम्बर से शुरु हो रहे जन-कल्याण अभियान और जन-कल्याण पर्व को लेकर जिला स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। यह महत्वाकांक्षी अभियान युवा, नारी, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये समर्पित रहेगा। इंदौर जिले में पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के लिए शहर में वार्डवार तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतवार शिविर लगाये जाएंगे। खण्डवा में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि 20 दिसम्बर को ओंकारेश्वर में शिविर आयोजित किया जायेगा। इस अभियान के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों की जानकारी दीवार लेखन के माध्यम से कराने के निर्देश दिए गए हैं। आगरमालवा कलेक्टर ने कल जनप्रतिनिधियों की बैठक में कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हर ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के हर वार्ड मे शिविर आयोजित होंगे, शिविर से पूर्व सम्पर्क दल द्वारा घर-घर हितग्राही से सम्पर्क कर समस्त संभावित पात्र हितग्राहियों को सूचीबद्ध कर आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। डिंडौरी में कलेक्टर हर्ष सिंह ने कल बैठक में राजस्व महाअभियान 3.0 के संबंध में राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए बताया कि राजस्व महाअभियान 3.0 की तिथि बढाकर 26 जनवरी 2025 कर दी गई है।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का 7वां संस्करण कल 11 दिसंबर को देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअली इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। एसआईएच एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य छात्रों को हमारे दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करना है और इस प्रकार उत्पाद नवाचार और समस्या-समाधान मानसिकता की संस्कृति को विकसित करना है।

आनंद उत्सव जोड़

राज्य के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में 14 से 28 जनवरी के बीच 'आनंद उत्सव-2025' का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव परंपरा, खेल, और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक सहभागिता और उल्लास का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करेगा। आयोजन 3 चरणों में किया जाएगा। प्रदेश की 23 हजार 11 ग्राम पंचायतों में 10 हजार क्लस्टरों पर उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

पन्ना जिले मे जिला ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव- का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्थानीय स्तर के खेल कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस, रस्साकसी, चम्मच दौड़, लोक संगीत, नृत्य, नाटक और भजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश जिले में तेज ठंड का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कड़ाके की सर्दी का अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि वर्तमान में हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। इस वजह से न्यूनतम तापमान में कमी आने की संभावना हैं। भोपाल में कल तापमान 9 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शिवपुरी के पिपरसमा में 6 दशमलव 8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि जबलुपर, शहडोल संभाग के कई जिलों में वर्षा भी दर्ज की गई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगरौली जिले के ग्राम बड़गड़ में आग लगने से दो बच्चों की मृत्यु पर गहन दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।
- मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट फॉर पोस्ट ग्रेजुएशन (नीट) प्री पीजी काउंसिलिंग मामले में 2024 की प्रक्रिया को रद्द कर दिया है, साथ ही इन सर्विस कैंडिडेट को अतिरिक्त अंक देने के निर्देश देते हुए नए सिरे से स्टेट मेरिट लिस्ट तैयार करने को कहा है।
- खंडवा में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कल साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जनपद पंचायतवार आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि पंचायतों का भ्रमण करें एवं आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाएं।

- इंदौर जिले द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसम्बर को सैनिकों की सहायता के लिए लक्ष्य से अधिक 24 लाख 80 हजार 779 रुपये का सहयोग दानदाताओं से प्राप्त हुआ है। भोपाल में आयोजित समारोह में राज्यपाल द्वारा इंदौर को सम्मानित किया जाएगा।
- खरगोन जिले के कसरावद क्षेत्र में निमाड़ के प्रसिद्ध संत सिया राम बाबा का स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है। जिला प्रशासन ने सूचित किया है कि नर्मदा तट के भट्टयान स्थित आश्रम में चिकित्सकों की टीम उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है।
- झाबुआ में "हम होंगे क़ामयाब" पखवाड़े के तहत शासकीय कन्या शिक्षा परिषद मोरझिरी थांदला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को साइबर सुरक्षा, बाल विवाह, जेंडर आधारित हिंसा, गुड टच बेड टच आदि के बारे में जानकारी दी गई।
- बैतूल में शिक्षा विभाग में कार्यरत, सेवानिवृत्त शिक्षक संवर्ग के लोक सेवकों की समस्याओं के निराकरण के लिये 31 दिसंबर से जिला स्तरीय "समस्या निवारण शिविर" का आयोजन किया जाएगा।

-------------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) मानवाधिकार दिवस-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस का आयोजन भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में होगा। इसमें "भारत में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी, कानूनी सुरक्षा और मानव अधिकार' विषय पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय सशक्तिकरण सोनाली पोंक्षे वायंगणकर विशेष आमंत्रित सदस्य होंगी। कार्यक्रम में वृद्धजन कल्याण से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संचालक श्री राजेश गुप्ता द्वारा दी जायेगी। आयोग द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी होगा।

(2) मुख्यमंत्री-नदी जोड़ो अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश को नदी जोड़ो अभियान अंतर्गत 2 बड़ी परियोजनाएं दी है। इसमें बुंदेलखण्ड क्षेत्र की केन-बेतवा वृहद परियोजना और पार्वती- कालीसिंध-चंबल परियोजना है। कल नई दिल्ली में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही केन-बेतवा परियोजना का भूमि-पूजन प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किया जायेगा।
बाईट-डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री

(3) मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान

प्रदेश में कल 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 26 दिसम्बर तक मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अभियान की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इसमें 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

(4) जन कल्याण अभियान-प्रदेश

11 दिसम्बर से शुरु हो रहे जन-कल्याण अभियान और जन-कल्याण पर्व को लेकर जिला स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। यह महत्वाकांक्षी अभियान युवा, नारी, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये समर्पित रहेगा। इंदौर जिले में पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के लिए शहर में वार्डवार तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतवार शिविर लगाये जाएंगे। खण्डवा में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि 20 दिसम्बर को ओंकारेश्वर में शिविर आयोजित किया जायेगा। इस अभियान के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों की जानकारी दीवार लेखन के माध्यम से कराने के निर्देश दिए गए हैं। आगरमालवा कलेक्टर ने कल जनप्रतिनिधियों की बैठक में कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हर ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के हर वार्ड मे शिविर आयोजित होंगे, शिविर से पूर्व सम्पर्क दल द्वारा घर-घर हितग्राही से सम्पर्क कर समस्त संभावित पात्र हितग्राहियों को सूचीबद्ध कर आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। डिंडौरी में कलेक्टर हर्ष सिंह ने कल बैठक में राजस्व महाअभियान 3.0 के संबंध में राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए बताया कि राजस्व महाअभियान 3.0 की तिथि बढाकर 26 जनवरी 2025 कर दी गई है।

(5) आनंद उत्सव

राज्य के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में 14 से 28 जनवरी के बीच ’आनंद उत्सव-2025’ का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव परंपरा, खेल, और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक सहभागिता और उल्लास का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करेगा। आयोजन 3 चरणों में किया जाएगा। प्रदेश की 23 हजार 11 ग्राम पंचायतों में 10 हजार क्लस्टरों पर उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

पन्ना जिले मे जिला ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव- का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्थानीय स्तर के खेल कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस, रस्साकसी, चम्मच दौड़, लोक संगीत, नृत्य, नाटक और भजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं।

(6) मौसम

प्रदेश के अधिकांश जिले में तेज ठंड का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कड़ाके की सर्दी का अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि वर्तमान में हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। इस वजह से न्यूनतम तापमान में कमी आने की संभावना हैं। भोपाल में कल तापमान 9 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शिवपुरी के पिपरसमा में 6 दशमलव 8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि जबलुपर, शहडोल संभाग के कई जिलों में वर्षा भी दर्ज की गई है।

------------------------------------